वार आधार पर नहीं। राज्यवार मांग का निर्धारण केवल बिजली और सीमेन्ट सेक्टर के लिये ठीक ठीक किया जा सकता है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अन्य उदयोगों के लिये कोयले की मांग का राज्यवार निर्धारण नहीं किया जा सकता। अतः, राज्यवार मांग की तुलना में, सप्लाई में हुई कमी का निर्धारण नहीं किया जा सकता।

(ग) गुजरात में बिजलीघरों और सीमेन्ट संयंत्रों की कोयले की वर्तमान मांग का अनुमान क्रमशः 2.90 लाख टन तथा (1,000 टन प्रति माह है। अन्य औदयोगिक सेक्टरों की मांग का निर्धारण ऊपर उत्तर के पैरा (ख) में बताए गए कारणों की वजह से नही किया जा सकता। गुजरात की कोयले की जरूरत अन्ततः कुल मिलाकर तब पूरी हो जाएगी जब कोयले के संचलन के लिये वैगनों की उपब्धि में सुधार हो जाए। ई. को. लि. से सप्लाई किये वाले उत्तम ग्रेड के कोयले की उपलब्धि में सुधार तब हो जाएगा जब कम्पनी में इसका उत्पादन बढ़ जाए।

Coal Famine predicted

1662. SHRI INDRAJIT GUPTA:
SHRI HARI KRISHAN SHASTRI:

Will the Minister of ENERGY AND IRRIGATION AND COAL be pleased to state:

(a) whether his attention has been drawn to a study brought out recently by the Birla Institute of Scientific Research predicting a coal famine in the country in the near future; and

(b) if so, whether he agrees with the Institute's forecast which is based on the theory of 'over centralisation' of the coal industry and the need for setting up a joint sector ?

THE MINISTER OF ENERGY AND IRRIGATION AND COAL (SHRI A.B.A. GHANI KHAN CHAUDHURI): (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir. The present shortages are only marginal arising out of shortfall in production of certain categories of coal and inadequate transport availability. Steps have been taken to increase coal production and further measures are under examination which include a review of the organisation of coal India.

स्टाफ आर्टिस्टों के पदों पर नियुक्ति हेतु स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रितों के लिये कोटा

1663. **श्री रोतेलाल प्रसाद वर्मा:** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या टेलीविजन केन्द्र में स्टाफ आर्टिस्टों (अनुबन्ध पर रखा जाने वाला स्टाफ) के पदों पर नियुक्ति और पदोन्नति के मामले में स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रितों के लिए कोई व्यवस्था की गई है अथवा उनका कोई कोटा रखा गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार स्वतन्त्रता सेनानियों के आश्रितों की नियुक्ति के लिए नियम बनाकर उनके लिए आरक्षण कोटे की व्यवस्था करने और कुछ नियम बना कर उन्हें विशेष सुविधाएं देने का भी है ; और

(ग) यदि हां तो कब तक ?

सूचना और प्रसारण तथा पूर्ति और पुनर्वास मंत्री (श्री वसन्त साठे): (क) जी, नहीं।

(ख) जी, नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

बनासकांठा जिला गुजरात में एक बांध का निर्माण करने सम्बंधी निर्णय

1664. **श्री मोती भाई आर. चौधरी:** क्या ऊर्जा और सिंचाई तथा कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बाढ़ का नियंत्रण करने के लिये जिला बनासकांठा, गुजरात में घनेरा गांव के निकट रेल नदी पर एक बांध का निर्माण करने संबंधी निर्णय ले लिया गया है और क्या इस निर्माण-कार्य का अनुमोदन कर दिया गया है ;

(ख) इस बांध का निर्माण-कार्य कब शुरू किया जायेगा और यह कब तक पूरा हो जायेगा